## जरा ध्यान दें

# चीनी मिलों को एक्सपोर्ट सब्सिडी पर विचार

**नई दिल्ली:** उत्तर प्रदेश में चीनी मिलों के कामकाज बंद करने की धमकी के बीच खाद्य मंत्री रामविलास पासवान ने कहा कि सरकार किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार है, लेकिन इसके साथ गन्ना किसानों के बकाये के भुगतान के लिए मिलों को एक्सपोर्ट सब्सिडी और ब्याज मुक्त अतिरिक्त कर्ज देने की व्यवस्था भी यह कर सकती है। उन्होंने कहा कि समस्या सुलझाने के लिए कामकाज बंद करने की धमकी देना ठीक नहीं है क्योंकि किसान तो दूसरी फसलों की खेती कर सकते हैं, लेकिन तब मिल मालिक क्या करेंगे। गन्ना किसानों के 4,500 करोड़ रुपये बकाया हैं और प्राइवेट मिलों ने धमकी दी है कि अगर गन्ने का दाम चीनी के दाम के अनुसार तय नहीं किया गया तो वे कामकाज बंद कर देंगी।

Economomine times

9/10/14

✓ N